प्रादेिशक समाचार

दिनांक–24.04.2024 **(दोपहर–1455 बजे)**

''''''''''''''''

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बेहतर कल के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे में निवेश जरूरी है। प्रधानमंत्री ने आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर छठे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक वीडियो संदेश में कहा कि आपदाओं को अक्सर आर्थिक नुकसान की दृष्टि से देखा जाता है लेकिन इनका व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर वास्तव में बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने नई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और आपदा के बाद पुनर्निर्माण के प्रयासों में मजबूती के पहलू पर जोर दिए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

''''''''''''''''

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार आज शाम पांच बजे थम जायेगा। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 12 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान होगा। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

''''''''''''''''

लोहरदगा संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार समीर उरांव ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इससे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के आज रांची पहुंचने पर बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर रांची में रह रहे गुजराती समाज के लोगों ने भी मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से मुलाकात की और उनका अभिनंदन किया। रांची से वे सीधे लोहरदगा के लिए रवाना हो गये।

''''''''''''''''

उधर, पलामू लोकसभा सीट से आज एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर केन्द्रीय राज्य मंत्री जेनरल वीके सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पार्टी के वरिष्ठ नेता रविन्द्र राय, आदित्य साहु, बालमुकुंद सहाय समेत कई अन्य नेता मौजूद रहे। श्री राम तीसरी बार चुनाव मैदान में उतरे हैं। 2014 और 2019 में वे पलामू से सांसद चुने गये थे। इधर, इंडी गठबंधन की ओर से राजद की उम्मीदवार ममता भुइयां ने भी आज पलामू लोकसभा सीट से अपनी नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। उनके नामांकन कार्यक्रम में राज्य के श्रम मंत्री और राजद के वरिष्ठ नेता

सत्यानंद भोक्ता, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव समेत गठबंधन के कई नेता मौजूद थे।

''''''''''''''''

रांची लोकसभा सीट से भारतीय जनेता पार्टी के उम्मीदवार और सांसद संजय सेठ 2 मई को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। रांची लोक सभा सीट के लिए आगामी 25 मई को मतदान होना है। रांची में आज संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले रांची के मोरहाबादी मैदान में भाजपा और आजसू पार्टी के समर्थक एकत्र होंगे। बाद में समर्थकों के साथ वे नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए समाहरणालय परिसर पहुंचेंगे। संजय सेठ ने दावा किया कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की विजय होगी। श्री सेठ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस परिवारवाद और बंटवारे की राजनीति करती है।

''''''''''''''''

गिरिडीह में जिला प्रशासन ने सभी कोषांगो के कार्यों पर संतोष जताया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

''''''''''''''''

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनकी जमानत याचिका पर हाईकोर्ट द्वारा फैसला नहीं सुनाये जाने पर सुप्रीम कोर्ट से न्याय की गुहार लगायी है।उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से शीर्ष अदालत में क्रिमिनल एसएलपी दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि हाईकोर्ट ने उनकी ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। करीब 55 दिन बीत जाने के बाद भी हाईकोर्ट ने अब तक अपना फैसला नहीं सुनाया है। श्री सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत भी मांगी है।

'''''' समाप्त ''''''